कमरे में किसी तरह की दुर्गंध नहीं थी। ऐसे में अनुमान लगाया गया मर्डर हुए ज्यादा वक्त नहीं बीता है। बेड में सामान रखने के लिए बॉक्स बने हुए थे। एक तरफ से यह भी खुला हुआ था। बेड के अंदर बच्चियों की लाशें छिपाई गई थीं। ये लाशें बोरियों में थीं। अंदर खून भी फैला हुआ था।

दरअसल, पूरा मामला तब खुला, जब मोईन का भाई सलीम अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे।

एस.आई.भर्ती रद्द करने से हिचक रही है ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मंशा जाहिर करे कि वह एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने के पक्ष में है कि नहीं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कैबिनेट की कमेटी भी अपना मत रख चुकी है कि भर्ती परीक्षा को रद्द कर देना चाहिए। वहीं पुलिस महानिदेशक, राज्य सरकार के महाअधिवक्ता और गृह विभाग के अफसर भी अपनी सलाह सरकार के समक्ष पेश कर चुके है कि परीक्षा रद्द हो जानी चाहिए क्योंकि अभी तक की जांच यह आशंकित करती है कि एस.आई. भर्ती परीक्षा में काफी ज़ोर-शोर से पेपर लीक किया गया है और चीटिंग के माध्यम से अवांछित अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों व महाअधिवक्ता का यह भी मानना है कि कई चयनित अभ्यर्थी का आपराधिक पृष्ठ भूमि से आते हैं और उनकी नियुक्ति से पुलिस व्ययवस्था चरमरा सकती है।

राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दस फरवरी को तय करते हुए राज्य सरकार को केस से जुडे बकाया दस्तावेज पेश करने को कहा है।

एएजी की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी भर्ती को रद्द करने के संबंध में चार मानक तय कर चुका है। इसके तहत व्यापक नकल, जांच पूरी होने, चयनितों में अधिकांश नकलची होने और चयनितों में से नकलचियों को अलग नहीं कर पाने की सूरत में ही भर्ती रद्द हो सकती है। उन्होंने अदालत को पुनः बताया कि प्रकरण में फिलहाल जांच चल रही है।

राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि याचिका में सरकार पर मामले में निष्क्रिय रहने का आरोप नहीं है, पर एजी, एसआईटी और कमेटी की रिपोर्ट पर भर्ती रद्द करने की गुहार की गई है। याचिका में यह नहीं कहा गया कि राज्य सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में राज्य सरकार को समय सीमा में बांधकर भर्ती निरस्त करने की प्रार्थना अनुचित है। एएजी की ओर से यह भी कहा गया कि राज्य सरकार मामले की तह तक जाना चाहती है, लेकिन याचिका भर्ती को रद्द करवा कर जांच को पटरी से हटाने वाली है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के गृह विभाग के अधिकारियों, महाअधिवक्ता और कैबिनेट कमेटी की सलाह के बाद भी इस निष्कर्ष पर नहीं आ पा रही है कि परीक्षा को रद्द किया जाये या नहीं। कई अधिकारियों का कहना था कि राज्य सरकार अब अदालत के आदेश अनुसार ही कार्यवाही करेगी। राज्य सरकार के समक्ष परीक्षा रद्द करने के खिलाफ मंथन करने योग्य एक महत्वपूर्ण बिन्दू यह भी है कि अगर 2021 की परीक्षा रद्द करी जाती है तो 2021 से लेकर 2025 तक सब इंस्पेक्टर की भर्ती एक बार भी नहीं की गई हैं और रिक्तियां संख्या बढ़ कर हजारों में पहुंच जायेगी। अदालत ने कहा कि एएसजी आरडी रस्तोगी मामले में न्यायमित्र के तौर पर अदालत का सहयोग करें। इस पर एएसजी ने कहा कि वे केन्द्र सरकार के वकील हैं और प्रकरण में ईडी का पक्ष रख रहे हैं। ऐसे में न्याय मित्र की भूमिका में नहीं रह सकते। इस पर अदालत ने कहा कि इस मामले में केन्द्र सरकार पक्षकार नहीं है। इसलिए वे न्यायमित्र के तौर पर सहयोग करें। यदि किसी पक्ष को इस बात की आपत्ति होगी तो उसे भी सुन लिया जाएगा।मामले में अदालत ने कहा कि मंत्रियों की कमेटी, एसआईटी और महाधिवक्ता भर्ती को रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं, फिर सरकार में कौन बचा। अदालत ने पूछा कि मामले में निर्णय लेने का अधिकार किसे है। इस पर एएजी ने कहा कि इन्होंने अपनी राय दी थी और इसे मानने के लिए सरकार बाध्य नहीं है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट में उच्च स्तर पर मामला देखा जा रहा है। सरकार सभी पहलुओं को परखने के बाद ही निर्णय लेगी।

प्रदेश को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को जमीन स्तर पर गति मिल रही है। वहीं सोलर संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रदेश को हुए अतिरिक्त आवंटन का यह निर्णय वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

राजस्थान में घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना

■ **उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम यू.पी., राजस्थान व एम.पी. में शनिवार में बारिश का अंदाज़ा।**

नयी दिल्ली, 09 जनवरी। देश के उत्तरी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कल तक और 12 जनवरी को राजस्थान में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

आईएमडी ने कहा, 11 और 12 जनवरी को बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में रात और सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बने रहने का अनुमान है।

पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसके संपर्क के कारण 10 से 12 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 11 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ , पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है, साथ ही 11 जनवरी को दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में छिटपुट ओलावृष्टि के भी आसार व्यक्त किये हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

उत्सव के माध्यम से प्रदेश के हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा : भजनलाल शर्मा

जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया गया।

■ 'राज्य सरकार द्वारा शिल्पकारों को भी स्मार्ट टेक्नोलॉजी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है'

जोधपुर/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का हस्तशिल्प प्रदेश का गौरव है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई और प्रभावी नीतियां तैयार की है तथा स्टार्टअप क्षेत्र में भी नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प के संरक्षण एवं संवर्धन से विकसित राजस्थान और आपणो अग्रणी राजस्थान का विजन साकार रूप लेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से प्रदेश के हस्तशिल्प को बढ़ावा के साथ ही कारीगरों के लिए भी समृद्धि एवं रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। राज्य की ब्लू पॉटरी, मार्बल के हस्तशिल्प, पीतल की कलाकृतियां, मिनिएचर पेंटिंग, काष्ठ कलाकृतियां, कपड़ा छपाई आदि दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। ऐसे में यह उत्सव प्रदेश की अद्भुत हस्तशिल्प कला के संरक्षण एवं संवर्धन का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में राइजिंग राजस्थान के प्रयासों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 6 लाख से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों के लिए हस्तशिल्प के क्षेत्र में प्रगति के नए रास्ते खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के शिल्पकारों और कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) नीति जैसी पहल की गई हैं। जिलों की उत्कृष्ट हस्तशिल्प को ओडीओपी में शामिल कर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हस्तशिल्पियों और कलाकारों की कला को सम्मानित करने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी, कार्यशाला, सेमिनार आदि के आयोजन के लिए जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल की स्थापना की जाएगी। साथ ही, प्रदेश में हस्तशिल्प, हैंडलूम और एमएसएमई के 50 नए क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माटी कला से जुड़े प्रदेश के कलाकारों के उत्थान के लिए माटी कला उत्कृष्टता केंद्र, चयनित खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं एवं समितियों के साथ ही बुनकर संघ से जुड़े बुनकरों को ऋण एवं सहायता उपलब्ध करवाना, नई पर्यटन इकाई नीति जैसे निर्णयों से हमारे शिल्पकारों को बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि हम पारंपरिक हस्तशिल्प कला को संरक्षित करने के साथ इसे नवाचार और आधुनिक तकनीक से जोड़ कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी उत्कृष्ट बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री 4.0 की ओर बढ़ने में हस्तशिल्प को तकनीकी नवाचार और स्मार्ट समाधानों का हिस्सा बनाना जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा शिल्पकारों को भी स्मार्ट टेक्नोलॉजी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर हस्तशिल्प उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया एवं उत्सव के केन्द्रीय पांडाल एवं बेट द्वारका का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने "लूणी: समग्र विकास को समर्पित एक वर्ष" विकास पुस्तिका, मसाला उद्योग से संबंधित फोल्डर एवं लघु उद्योग भारती के मुख पत्र लघु उद्योग टाइम्स का भी विमोचन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने पांच पाक विस्थापितों को पट्टे भी वितरित किए।

कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक देवेन्द्र जोशी, अतुल भंसाली, बाबूसिंह राठौड़, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश सहित अन्य जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

आत्महत्या करने वाले कोचिंग छात्र का सुसाइड नोट सामने आया

'मैं पढ़ाई नहीं कर पाया मुझे माफ कर देना', यह लिखकर कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की थी

■ मध्यप्रदेश के गुना का रहने वाला छात्र पीजी में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था

कोटा, (निसं)। कोटा में बुधवार को आत्महत्या करने वाले कोचिंग स्टूडेंट का सुसाइड नोट सामने आया है, जिसमें उसने आत्महत्या करने के पीछे पढ़ाई ना कर पाने का कारण बताया है। इसके लिए उसने अपने परिवारजनों से माफी भी मांगी है। वह पीजी में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। मूलरूप से वह मध्यप्रदेश के गुना का रहने वाला था। गुरुवार को परिवार वाले आए और पोस्टमॉर्टम कराकर शव ले गए।

स्टूडेंट के भाई ने कहा कि वह अपनी मर्जी से कोटा इंजीनियरिंग की तैयारी करने आया था। उसने खुद ही सुसाइड नोट में लिखा है कि वह पढ़ाई नहीं कर पाया, इसलिए यह कदम उठा रहा है। अभिषेक गुना की तहसील बमोरी के लालचक गांव का रहने वाला था। वह कोटा के विज्ञान नगर इलाके के अंबेडकर नगर के पीजी में रहता था। अभिषेक के पिता महेंद्र लोधा किसान हैं। छात्र अभिषेक इनका इकलौता बेटा था। महेंद्र ने बताया कि बेटे से सात जनवरी को बात हुई थी। आठ जनवरी की शाम साढ़े सात बजे पीजी से फोन आया कि अभिषेक ने सुसाईड कर लिया है। अभिषेक के चचेरे भाई अजय ने बताया कि अभिषेक का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि मैं पढ़ाई नहीं कर पाया। दादा-दादी, पापा मुझे माफ कर देना। अभिषेक पढ़ाई में अच्छा था। वह अपनी मर्जी से ही कोटा आया था। हम यहां पर किसी पर आरोप नहीं लगा रहे। उसने सुसाइड नोट में खुद स्वीकार किया है कि वह पढ़ाई नहीं कर पाया।

अभिषेक के चाचा राकेश लोधा ने बताया कि मेरी आखिरी बार बात 29 दिसंबर को हुई थी। उससे पूछा था कि पढ़ाई कैसी चल रही है। बोला अच्छे से पढ़ रहा हूं। मैंने उससे पूछा भी था कि किसी प्रकार की कोई प्रॉब्लम तो नहीं है। दिसंबर में ही वह घर से कोटा गया था। 6 फरवरी को अभिषेक के ताऊ के बेटे की शादी है। अभिषेक ने चाचा से कहा था कि पेपर खत्म होने के बाद शादी में आऊंगा।

विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि 8 जनवरी की शाम को सूचना मिली थी कि एक कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाईड कर लिया है। मौके पर पहुंचे तो अभिषेक पंखे से लटका हुआ था। पीजी के रूम में हैंगिंग डिवाइस भी नहीं लगी हुई थी। स्टूडेंट की डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम रूम में शिफ्ट कराया। साथ ही उसके परिवार वालों को सूचना दी थी। गुरुवार को परिजन आए जिन्हे पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया गया।

छात्रा ने आत्महत्या की

भीलवाड़ा, (निसं)। जहाजपुर थाना क्षेत्र के जालमपुरा गांव में एक छात्रा ने गले में साड़ी का फंदा डालकर कड़े से झूलकर आत्महत्या कर ली। छोटा भाई स्कूल से घर लौटा तो बहन का शव फंदे से लटका देखा और बाहर गये माता-पिता को सूचना दी। जहाजपुर थाना पुलिस ने बताया कि पिंका ने किन कारणों के चलते खुदकुशी की, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मांगरोल पालिका का वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ बिल पास करने की एवज में 10 हजार की रिश्वत ली

कोटा (निसं)। कोटा एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर कोटा एसीबी टीम ने बारां जिले के मांगरोल नगर पालिका में कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की कोटा शहर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उनके फार्म द्वारा करवाए गए विभिन्न कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में मांगरोल का वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश 35 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। महानिदेशक ने बताया कि शिकायत पर एसीबी कोटा के महानिरीक्षक शिवराज सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर एसीबी के उप अधीक्षक अनीस अहमद द्वारा टीम के साथ मांगरोल में ट्रैप कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों के गिरफ्तार किया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।

राजस्व अपील अधिकरण के वरिष्ठ सहायक ने 1.50 लाख की रिश्वत ली

एसीबी की अलवर प्रथम इकाई ने व. सहायक को गिरफ्तार किया

■ स्कूल समिति के नाम से क्रयशुदा खातेदारी भूमि पर स्थगन आदेश हटवाने की एवज में रिश्वत मांगी

■ एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है

अलवर, (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अलवर प्रथम इकाई द्वारा कार्रवाई करते हुये जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय राजस्व अपील अधिकरण, अलवर को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि स्कूल समिति की नाम से क्रयशुदा खातेदारी भूमि पर राजस्व मण्डल, अजमेर एवं राजस्व अपील अधिकरण (आर.ए.ए.) के स्थगन आदेश को हटवाने की एवज में आरोपी जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी की अलवर प्रथम इकाई के उप अधीक्षक पुलिस महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुये आरोपी जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

पानी के टैंक में मां-बेटे की लाश मिली

पाली, (नि.सं.)। पाली में 27 साल की एक विवाहिता और उसके 2 साल के बेटे का शव पानी के टैंक में मिला। पीहर पक्ष के लोगों ने हत्या का शक जाहिर किया है। घटना बुधवार दोपहर को गुड़ाएंदला थाना इलाके के बाला की ढाणी गांव में हुई।

गुड़ाएंदला थाना इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना इलाके के गांव बाला की ढाणी में बुधवार दोपहर पड़ोस में बने टैंक में सजी देवी (27) पत्नी अंबाराम देवासी और उसके बेटे खुशाल (2) की बॉडी मिली। सजी देवी की सास बगदी देवी ने बताया कि मैं बुधवार सुबह ग्यारह बजे पड़ोस में गई थी। घर पर बहू सजी और पोता खुशाल थे। मैं एक घंटे बाद घर लौटी तो बहू-पोता घर में दिखाई नहीं दिए। पड़ोस में बने पानी के टैंक का ढक्कन खुला देता तो वहां जाकर पानी में देखा। बहू सजी देवी और पोता खुशाल पानी में पड़े थे। उनके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। मैं चिल्लाते हुए पड़ोसियों के पास गई और घटना के बारे में बताया। पड़ोसियों ने दोनों के शव पानी से निकाले। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी मौके पर पहुंचे। सजी देवी के पीहर पक्ष (लापोद गांव, पाली) के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल से मेडिकल बोर्ड से दोनों की बॉडी का पोस्टमॉर्टम कराया गया। मामले की जांच एसडीएम कर रहे हैं।

राज्यपाल की ओर से ख्वाजा की दरगाह में चादर पेश

राज्यपाल के परिसहाय प्रवीण नायक और उपसचिव मुकेश कलाल ने चादर पेश की।

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की ओर से गुरुवार को अजमेर में गरीब नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश की गई। अजमेर दरगाह पहुंचने पर राज्यपाल की ओर से जियारत कर चादर चढ़ाई गई।

राज्यपाल के परिसहाय प्रवीण नायक और उपसचिव मुकेश कलाल ने चादर पेश की। सालाना उर्स के अवसर पर राज्यपाल का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में बागड़े ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने भारत को संत-महात्माओं और पीर पैगम्बरों के जीवन मूल्यों से जुड़ी संस्कृति का बताते हुए उनके सद्भाव के विचारों के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण

क्रमांकः- एफ.10(2024-25/4060 दिनांकः- 08.01.2025

:: ई-निविदा सूचना ::

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है। UBN NO. DLB2425WSOB14688

राज.संवाद/सी/24/10093 महापौर आयुक्त

कार्यालय नगरपालिका, आहोर (जालोर)

चामुण्डा मंदिर के पास, आहोर -307029 email – npahore23@gmail.com

क्रमांकः/नपाआ/सफाई/निविदा/2024/1977 दिनांकः 08.01.2025

निविदा सूचना सं. 01/2024-25

नगर पालिका आहोर द्वारा श्रम एवं सामग्री सेवा आपूर्ति कार्यो हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग में उपयुक्त श्रैणी में पंजीबद्ध संवेदकों से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये NIB - DLB2425A4812 यूबीएन नं. DLB2425SLOB14740, 41, पर तथा कार्यदिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, आहोर

राज.संवाद/सी/24/10113

कार्यालय नगरपालिका बालेसर सत्ता जिला-जोधपुर ग्रामीण(राज.)

(पुराना तहसील भवन पिनकोड़-342023) Email-eombbalesar2022@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.बाले.सत्ता/स्टोर/2024-25/1072 दिनांक :- 08.01.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना (2024-25)

(NIB NO.- DLB2425A4810)

नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया अनुसार सफाई श्रमिक व स्वास्थ्य निरीक्षक आपूर्ति की ऑनलाईन ई-निविदा आंमत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत 24.00 लाख रू की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एंव निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/10112 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001(राज.)

फोन नम्बरः (0291)2511031/2516199 फैक्सः (0291)2511029, Email - jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 08/01/2025

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
आर.एस.एम.एम./ एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/ जीजीएम-एलएस/ संविदा-12/2024-25 दिनांकः- 2712.2024 UBN No. MML2425SLOB00174	कम्पनी की गोटन चूना पत्थर ईकाइ, कार्यालय, जिला नागौर पर वाहन का संचालन हेतु दो महेन्द्रा जीप (7-सीटर कवर्ड एसी डीजल टैक्सी परमिट) मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद की 24 घण्टे प्रतिदिन कार्य हेतु (3000 किमी प्रति जीप प्रति माह चलाने हेतु)। (दोनो वाहनों की सम्मिलित कुल मासिक न्यूनतम निर्धारित किलोमीटर 6000 किलोमीटर प्रति माह)। अनुमानित मूल्य (रू.) 31.20 लाख, धरोहर राषि (रू. - 62,400/-, निविदा राशि- 1180/-

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबन्ध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/10054 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

ट्रक से 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी, दो जने गिरफ्तार

केबिन के उपर व ट्रक की बॉडी के दो पार्टेशन में हरियाणा ब्राण्ड की शराब भरी मिली

पण्डेर पुलिस ने अवैध शराब सहित दो जनों को गिरफ्तार किया।

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले की पण्डेर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पण्डेर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई व अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश पर वृताधिकारी जहाजपुर नरेन्द्र कुमार पारीक के सुपरविजन में पण्डेर थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर पण्डेर थाने के सामने नाकाबंदी व वाहन चैकिंग शुरू की।

इस दौरान जहाजपुर की तरफ से एक ट्रक आया, जिसके चालक को रुकने का इशारा कर ट्रक को रूकवा कर नाम पता-पूछा तो चालक ने अपना नाम शाहरूख पिता सहिद खान निवासी अजिजाबाद थाना पलवल जिला पलवल, हरियाणा व खलासी मोहमद शोकिन पिता असगर खान निवासी सुदाका थाना नूह जिला नूह, हरियाणा होना बताया। वाहन को चैक किया तो वाहन की केबिन के उपर व ट्रक की बॉडी के दो पार्टेशन बनाकर हरियाणा ब्राण्ड की 229 कार्टून शराब भरी हुई मिली। जिसे ट्रक की केबिन एवं पार्टेशन से बाहर निकाल देखा गया तो 11 अलग- अलग प्रकार की शराब मिली। अवैध शराब सहित ट्रक तथा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

सोप स्टोन पाउडर की आड में शराब तस्करी, दो गिरफ्तार

आरोपी तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से राजस्थान निर्मित अवैध शराब के पांच कार्टन पकड़े हैं। इसके साथ ही पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोप स्टोन पाउडर की आड में तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि शराब की अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान, गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाडियों की तलाशी ली जा रही थी।

इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक को रूकवाया। ड्राइवर विजय कुमार पुत्र रमेश भाई परमार निवासी कटाडिया देमई जिला अरवल्ली गुजरात और पास में बैठे किशनसिंह झाला पुत्र लालसिंह झाला निवासी परतापुरा देमई अरवल्ली गुजरात होना बताया। ट्रक में सोप स्टोन पाउडर भरा होना बताया, लेकिन पुलिस को शक होने पर तिरपाल हटाकर तलाशी ली।

ट्रक में सोप स्टोन कट्टों की आड में राजस्थान निर्मित अवैध शराब के कार्टन भरे हुए मिले। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस शराब तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

श्रमिक ने आत्महत्या की

उदयपुर, (निसं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में श्रमिक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। हिरणमगरी थाना क्षेत्र रिको एरिया में स्थित फैक्टरी में काम करने वाले केलवा मानपुरियों का गुडा थाना कूण सलूम्बर निवासी ओमप्रकाश (32) पुत्र बाबरूलाल मीणा ने फैक्टरी के समीप स्थित पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर हिरणमगरी थाना एएसआई भगवान सहाय ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। बुधवार दोपहर में ओमप्रकाश घर पर था। उसकी पत्नी कमरे पर नाश्ता बना रही थी। बातचीत करते हुए वह घर से बाहर निकला था। वापस नहीं लौटने पर तलाश की तब उसका पता चला। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

कार्यालय जिला परिषद्, जयपुर

सवाई जयसिंह हाईवे, जिला कलेक्ट्रेट, बनीपार्क, जयपुर

EMAIL ID - jaipuraceo@gmail.com PHONE NO. :- 0141-2200724

क्रमांक :-एफ.( )जिपज/लेखा/निविदा/प.स.भवन आंधी/2024/3975 दिनांकः- 01.01.2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4/2024-25

जिला परिषद जयपुर के अधीनस्थ नवगठित पंचायत समिति भवन आंधी के निर्माण कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से जीएसटी पंजीकृत एवं "बी" श्रेणी या उच्चतर श्रेणी में पंचायती राज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य हेतु ई-प्रॉक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

NIB:- ZJP2425A0856

UBN:- ZJP2425WSOB01803

अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर

राज.संवाद/सी/24/10096

LIVESTOCK FEED RESOURCE MANAGEMENT AND TECHNOLOGY CENTRE

Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner 334001

RAJUVAS/LFRMTC/2024-25/115 Dated :- 08/01/2025

ई-निविदा सूचना (E-NIB No. 01/2024-25)

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के Livestock Research Station, Bikaner फार्म पर Conversion of mesh cattle feed plant into pellet feed plant के लिए सुदृढ़ फार्मो से दोहरी बिड पद्धति (तकनीकी व वित्तीय बीड) हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in तथा DIPR की वेब साइट पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य है। निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि Principal Investigator, LFRMTC, RAJUVAS, Bikaner के नाम से डी.डी. जो बीकानेर में देय हो, के रूप में स्वीकार की जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे से सम्बन्धित वेब साइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 24.01.2025 को शाम 5:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 25.01.2025 को दोपहर 12:00 बजे खोली जायेंगी। मुख्य अन्वेषक के पास एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

उपकरण का विवरण	मात्रा	UBN Number	अनुमानित लागत रूपये (लाख में)	निविदा शुल्क रूपये (हजार में)	धरोहर राशि रूपये (हजार में)
Conversion of mesh cattle feed plant into pellet feed plant	1	VAU2425GLOB00115	35 लाख	1000	70,000

राज.संवाद/सी/24/10064 Principal Investigator

जीरो सैटबैक में अवैध निर्माण करने पर तीन मंजिला भवन को सील किया

■ जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम जयरामपुरा में जेडीए की फार्म हाउस योजना की 100 करोड़ रूपये की करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम जयरामपुरा में जेडीए की फार्म हाउस योजना की 100 करोड़ रूपये की करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-9 गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर, सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयरामपुरा, जिला जयपुर में जेडीए की फार्म हाउस योजना में करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर पशुओं का बाड़ा, मिट्टी की डोल बनाकर, लकडी की छडियां, झाडियां लगाकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, तारबंदी, बाउण्ड्रीवाल कर अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर सामूहिक अभियान का आयोजन कर उप नियंत्रक प्रवर्तन श्री रामावतार ताखर की मौजूदगी में आज उपायुक्त जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रूपये है।

जेडीए द्वारा जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैकक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के ग्राउण्ड फ्लोर 3 मंजिला में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर नोटिस जारी कर आज उक्त बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेट ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई।

छोटे भाई को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने मृतक भाई की जगह पर प्रार्थी छोटे भाई को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर भारतीय जीवन बीमा निगम को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश राहुल मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। मामले से जुड़े अधिवक्ता सिद्धार्थ जैन ने बताया कि प्रार्थी की विधवा मां ने एलआईसी में कार्यरत बड़े बेटे मोहित के निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया था। लेकिन एलआईसी ने नियमों का हवाला देते हुए उसकी मां का यह प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया। एलआईसी का कहना था कि प्रार्थी भाई की श्रेणी में आता है और उसे निगम में अनुकंपा पर नियुक्ति नहीं दी जा सकती। इसे प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही परिवार में किसी अन्य आश्रित के ना होने की स्थिति में भाई की जगह पर भाई को भी अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जा सकता है।

पीएमश्री विद्यालयों में रोजगार मेलों और हैल्थ कैंप के निर्देश

पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक

जयपुर। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल सभागार में पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलेवार एडीपीसी, सीडीओ, पीओ और संस्था प्रधानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं सहित सिविल कार्य, सोलर पैनल लगाने और खेल सामग्री की खरीद एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई।

राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शिक्षा संकुल सभागार में पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने सभी जिलों को शीघ्रता से बकाया धनराशि को विद्यालयों को स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लर्निंग एन्हांसमेंट के तहत विद्यार्थी को शिक्षक लगाकर शिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता से पूर्ण करने और नागरिकता कौशल की गतिविधियां गणतंत्र दिवस पर आयोजित करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही खेल सामग्री की खरीद में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जनवरी में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों और हेल्थ कैंप के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चतुर्वेदी ने जिलेवार समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने का सुझाव दिया।अतिरिक्त परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर ने जिलावार गतिविधियों के संबंध में समीक्षा की और आगामी दिनों के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए।

समाज के सक्रिय सहयोग से इस बार होगा हरित कुंभ : डॉ. रमेश अग्रवाल

■ मुरलीपुरा से 40 हजार थाली-गिलास-थैलों से भरा ट्रक रवाना

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने कहा कि प्रयागराज का कुंभ हरित कुंभ होने जा रहा है। समाज के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है।

डॉ. अग्रवाल गुरुवार को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत की ओर से समाज से एकत्र 40 हजार थाली, 40 हजार गिलास और 40 हजार थैलों से भरे ट्रक को रवाना करते समय बोल रहे थे।

उन्होंने आव्हान किया कि जो भी लोग कुंभ में जाना चाहते हैं वे कृपया अपने साथ एक थाली, गिलास और थैला अवश्य लेकर जाएं। भोजन के दौरान इन्हीं का उपयोग करें। डिस्पोजल थाली और गिलास का उपयोग नहीं करें। ऐसा कर हम करोड़ों टन कचरा एकत्र होने से बचा सकेंगे। पूरा विश्व को हम इस छोटे से कार्य से एक अच्छा संदेश दे सकेंगे। डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि पर्यावरण हित में हमें घर पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कुंभ में जयपुर से 30 हजार और पूरे राजस्थान से एक लाख से अधिक थालियां और थैले भेजे जा चुके हैं।

इससे पूर्व गायत्री परिवार के प्रहलाद शर्मा, विद्याधर शर्मा, रामेश्वर चौधरी, रेणु पाटोदिया, भूपेन्द्र शर्मा ने बसंतानंद महाराज के सान्निध्य में गणेश पूजन कर स्वस्तिवाचन किया। उपस्थित लोगों ने जयकारों के साथ ट्रक को रवाना किया।

भूमिहीन राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं खेल मैदानों के लिए किये 49 भूमि आवंटन

■ जयपुर जिला प्रशासन ने कुल 236 बीघा से अधिक भूमि आवंटित की

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन ने पिछले तीन महीनों में अभियान के तौर पर कार्यवाही को अंजाम देते हुए कुल 49 भूमिहीन विद्यालयों एवं खेल मैदानों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित विभिन्न विभागों के राजकीय कार्यालयों के लिए 236 बीघा से अधिक भूमि का आवंटन किया है। जिला प्रशासन द्वारा भूमिहीन विद्यालयों, खेल मैदानों, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यालयों के लिए भूमि का आवंटन किया गया है।

जयपुर जिला प्रशासन की इस पहल से ना केवल भूमिहीन राजकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों के भवन निर्माण होंगे, आमजन के लिए राजकीय कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में सुविधाएं सुनिश्चित होगी। साथ ही, खेल मैदान विकसित होने से खेल प्रतिभाओं को भी अपने हुनर को तलाशने एवं तराशने के लिए व्यापक सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रकार जिला प्रशासन द्वारा विगत तीन महीनों में अभियान के तहत कुल 110 प्रकरणों में भूमि आवंटन सुनिश्चित करने की दिशा में अहम एवं उल्लेखनीय कार्यवाही की है।

आई.आई.एस. स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आज

जयपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता और समझाइश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात अनिल पालीवाल की अध्यक्षता में मानसरोवर स्थित आईआईएस स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

एडीजी ट्रैफिक पालीवाल ने बताया कि राज्य के सड़क परिवहन को सुगम, सरल एवं सुरक्षित संचालन के लिए जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है।

विद्यार्थियों और बाल वाहिनियों के चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रात: 11 बजे आईआईएस स्कूल में जन जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तावित है।

इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल के समस्त विद्यार्थी बाल वाहिनी के चालक सहित स्कूल स्टाफ की पूरी टीम एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी सड़क सुरक्षा सप्ताह के महत्व से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देंगे।

सार-समाचार

स्वास्थ्य पर विधिक जागरूकता शिविर



जयपुर। आसरा फाउंडेशन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा के निर्देशानुसार मज़दूर नगर हसनपुरा में मानसिक स्वास्थ्य पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अधिवक्ता नीतू और उनकी टीम ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर में महिलाओं को नि:शुल्क सैनेटरी पैड भी वितरित किए गए। सामाजिक कार्यकर्ता रोहिनी ने मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर चर्चा की, जबकि विधि छात्रा शार्वी ने सरल भाषा में कानूनी प्रक्रियाओं को समझाया। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन जयपुर संस्था ने सरिता और मीना को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

वॉलीबॉल खिलाड़ियों के ट्रायल पर रोक

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में वॉलीबॉल के 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित हो रहे खिलाडियों के ट्रायल पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में पक्षकारों को जवाब पेश करने के लिए दस जनवरी तक का समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दुष्यंत सिंह व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने अदालत को बताया कि वॉलीबॉल के 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से उत्तराखंड में आयोजित हो रहे हैं। इसके लिए भारतीय ओलम्पिक संघ ने गत 20 दिसंबर को पत्र जारी कर अनिश व्यास की अध्यक्षता में बने राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन को इस प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन करने को कहा। इसकी पालना में राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन ने याचिकाकर्ताओं सहित अन्य खिलाडियों का चयन कर 28 दिसंबर को चयन सूची जारी कर दी। याचिका में कहा गया कि इसके बाद भारतीय ओलम्पिक संघ ने तेजस्वी सिंह की अध्यक्षता वाले राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन को मान्यता दे दी। याचिका में कहा गया कि अब यह एसोसिएशन नए सिरे से खिलाड़ियों का ट्रायल कर रही है। जबकि याचिकाकर्ताओं का पूर्व में चयन हो चुका है और उनकी तैयारियां चल रही हैं। दो एसोसिएशन के झगड़े में याचिकाकर्ता खिलाडियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान राजस्थान ओलम्पिक संघ की ओर से अदालत को आश्वस्त किया गया कि वे आगामी सुनवाई तक ट्रायल नहीं करेंगे। इस पर अदालत ने ट्रायल पर रोक लगाते हुए पक्षकारों को जवाब पेश करने के लिए दस जनवरी तक का समय दिया है।

नर्सिंग निर्देशालय खोलने की माँग

जयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनोज दुब्बी ने आज निर्देशक अराजपत्रित राकेश शर्मा को बचत सत्र में नर्सिंग निर्देशालय खोलने की घोषणा करवाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने को लेकर ज्ञापन दिया। नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 की पदस्थापन सूची जारी करने पर राज्य सरकार का आभार जताया और नव चयनित और सभी नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स साथियों को आज उनके पदस्थापन आदेश जारी होने पर शुभकामनायें दी।

विश्व हिन्दी दिवस पर राज्यपाल ने बधाई दी

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व हिन्दी दिवस (10 जनवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि हिन्दी भाषा नहीं बल्कि संस्कृति है। यह जन-जन की भाषा है। उन्होंने दुनिया के कोने-कोने में फैले हिंदी भाषियों से अपने घर-परिवार में इसका अधिकाधिक प्रयोग करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी को आधुनिक तकनीक के जरिए भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी बनाते इसके प्रसार के हम संवाहक बने।

आमेर महल में हाथी सवारी की दर 1500 रुपये निश्चित की

जयपुर। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज घरेन्द्र ने बताया कि कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आमेर महल में हाथी सवारी की दर 1500 रुपये निश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, हाथी सवारी दरों में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी एवं 5 वर्ष पश्चात् इसकी समीक्षा करने की सहमति दी गई है। यह दरें 10 जनवरी से प्रभावी होंगी।

विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने पर चर्चा

■ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की बैठक

जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की नौवी बैठक शिक्षा संकुल सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने की।

बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी द्वारा पिछली आठवी निष्पादक की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की बैठक शिक्षा संकुल सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने की। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी मौजूद थे।

बैठक में 9वी बैठक के प्रस्तावित एजेंडा पर बिंदूवार विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सीकर एवं झुंझुनूं जिले द्वारा ट्रांसपोर्ट वाउचर संबंधी नवाचार के अंतर्गत बस द्वारा बच्चों को लाने ले जाने की व्यवस्था की सराहना की गई। इसी प्रकार आदिवासी क्षेत्र के जिलों में विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध करवाने की रूपरेखा तैयार करने, भारत सरकार के कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल से शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करने, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के भोजन करने हेतु किचन मय डायनिंग हॉल की स्थापना, होलेस्टिक रिपोर्ट कार्ड के मुद्रण एवं वितरण और ब्रेल बुक्स के व्यय का अनुमोदन किया गया। शिक्षा सचिव ने विद्यार्थियों को वितरित कौशल सामग्री की उपयोगिता सुनिश्चित करने और वर्कबुक को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में आयुक्त मिड डे मील विश्व मोहन शर्मा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, निदेशक साक्षरता मेघराज सिंह रतनू, जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा, विशिष्ट शासन सचिव वित्त टीकम चंद बोहरा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रौनक बैरागी, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं उपायुक्त मौजूद रहे।

डॉ. लीला बोर्डिया को ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जयपुर। जयपुर की डॉ. लीला बोर्डिया को हाल ही में ऑल इंडिया पॉटरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईएमपीएमए) द्वारा कोलकाता में ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

पिंक सिटी में स्थित नीरजा इंटरनेशनल की संस्थापक, डॉ. बोर्डिया ने राजस्थान में ब्लू पॉटरी को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक महिला उद्यमी और मार्गदर्शक के रूप में, उन्होंने कई ग्रामीण कारीगरों को ब्लू पॉटरी के उत्पादन में शामिल किया और उन्हें विपणन में सहायता प्रदान करके उनके जीवन को बदल दिया। डॉ. बोर्डिया ने 45 से अधिक देशों की यात्रा की है, जहां उन्होंने व्यापार की विभिन्न बारीकियों को समझा और उन अनुभवों का उपयोग राजस्थान की ब्लू पॉटरी को अधिक बिक्री योग्य बनाने में किया। उनका मानना है कि किसी भी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए उसकी दैनिक जीवन में उपयोगिता आवश्यक होती है।

जयपुर में चिकित्सा अधिकारियों ने किया राजस्थान हॉस्पिटल का भ्रमण

■ बेस्ट प्रेक्टिसेज का किया अध्ययन

जयपुर। देश-प्रदेश के नामी अस्पतालों की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करने की कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के दल ने गुरूवार को जयपुर में राजस्थान अस्पताल का भ्रमण किया। शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा के नेतृत्व में गए अधिकारियों के दल ने राजस्थान अस्पताल में बेस्ट प्रेक्टिसेज और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा के नेतृत्व में गए अधिकारियों के दल ने राजस्थान अस्पताल में बेस्ट प्रेक्टिसेज और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकारी अस्पतालों में भी नामी निजी अस्पतालों की तरह प्रबंधकीय व्यवस्थाएं और सुदृढ़ हों, ताकि आमजन को उपचार लेने में कठिनाई नहीं हो। इसी दिशा में निजी अस्पतालों का चरणबद्ध रूप से भ्रमण किया जा रहा है। बुधवार को संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल के भ्रमण के दौरान कई बेस्ट प्रैक्टिसेज जानने का अवसर मिला। इसी प्रकार आज राजस्थान अस्पताल का भ्रमण कर बेस्ट प्रेक्टिसेज का अवलोकन किया गया है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के नामी विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ एवं मजबूत आधारभूत ढांचे के साथ-साथ राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। प्रबंधकीय बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोफेशनल्स को भी हायर किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर वित्त विभाग द्वारा अस्पताल प्रबंधन के पद स्वीकृत भी किये गये हैं।

राजस्थान अस्पताल के भ्रमण के दौरान अस्पताल के वाइस प्रेजिडेंट एवं सीईओ डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने विस्तृत प्रजेंटेशन दिया, जिसमें उन्होंने राजस्थान अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू, अस्पताल की डिजिटल डाटा शेयरिंग, रिकॉर्ड एवं हैंडलिंग प्रणाली, हार्ट सेण्टर, कैथलैब, सभी प्रोसीजर एरिया, ऑपरेशन थिएटर, सीएसएसडी, लॉन्ड्री इश्यू सिस्टम, इन्फेक्शन कण्ट्रोल के मानकों की अनुपालना, सफाई, नियमित मेंटेनेन्स जैसी व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एसएस अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल की इमारत के साथ-साथ वहां इलाज अफोर्डेबल, विश्वसनीय और विश्व स्तरीय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग को जहां भी राजस्थान अस्पताल के सहयोग की आवश्यकता होगी, वे तत्पर रहेंगे। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने अस्पताल के भ्रमण के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजेबल मशीन, वेन्डिंग मशीन की स्थापना, ऑनलाइन सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रोसेस, ऑनलाइन क्यू मैनेजमेन्ट, प्रत्येक ओपीडी वार्ड में विकेन्द्रीत ऑनलाइन क्यू मैनेजमेन्ट, नर्सिंग स्टाफ द्वारा रोगी की बीपी, पल्स रेट, वजन इत्यादि का विवरण अंकित कर चिकित्सक के पास भेजना, व्हाटस अप चैट बोट से फीडबैक सिस्टम, बायोमेट्रिक उपस्थिति, किट्रिकल पेशेंट अलर्ट मैसेज, मासिक एवं वार्षिक मूल्यांकन जैसी बेस्ट प्रैक्टिसेज की जानकारी ली। और इन्हें राजकीय चिकित्सा संस्थानों में लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

ARBiT it happens here...

International Brainteaser Month

Everyone loves a good riddle. Brain teasers are an excellent way to keep our minds sharp and focused. Many teachers have their students practice them in class, but have you done many as an adult? People often talk about physical stimulation and keeping your body healthy, but where's the brain gym to help keep your wits sharp? Most people don't realize that engaging in mental stimulation is just as important as keeping your body in shape, but that's what International Brainteaser Month hopes to change! Engage in puzzles that tickle your mind.

राष्ट्रदूत
FRIDAY
10 January 2025
A-B

#GESTATION

Virtual Green Space

There is extensive research on the positive impacts of green space exposure on health and well-being.

Pregnant women, exposed to a green space environment in virtual reality, experienced decreases in blood pressure and improvements in mental health and well-being, according to a new study.

"Even short exposure to a virtual green space environment showed physiological and affective stress reduction among pregnant women," says Jun Wu, professor of Environmental and Occupational Health in the University of California, Irvine's Program in Public Health.

"It's not the same as the real world, but this study helps inform city planners, who are creating urban spaces. It proves the importance of green space to the well-being and mental health of the population living in those spaces."

There is extensive research on the positive impacts of green space exposure on health and well-being, including reduced risk of mortality, cardiovascular disease, and Type 2 diabetes, improved pregnancy outcomes such as decreased risk of low birth weight and preterm birth, and enhanced mental health. However, exploration of the link between physiological mechanisms and green space among special populations, like pregnant women, has been lacking. For the study, researchers recruited 63 healthy pregnant women from Beijing to participate in the double-blind, randomized study. They began by triggering anxiety among the women in a lab-developed stress test. Then, they showed the women three five-minute, 360-degree videos of urban environments, one depicting a park-like setting, the second consisting of a street view with green space, and the third featuring a street view without green space.

Before and after the videos, researchers measured participants' blood pressure, heart rate, and skin conductance level, collected saliva samples, and administered a questionnaire about positive and negative emotions.

The team found that visual exposure to a VR green space environment was associated with lower systolic blood pressure, reduced salivary alpha-amylase (an indicator of stress), improved positive emotions, and decreased negative emotions compared to the non-green space environment. The park-like setting had the highest positive reaction out of the three videos.

In the quiet predawn hours of April 15, 1912, the RMS Titanic met its icy fate. Its tragic sinking became a symbol of human hubris and the fragility of life. But what if that ill-fated night had played out differently? What if the Titanic had evaded the iceberg, sailing triumphantly into New York Harbor, days later? In this alternate universe, the story of the Titanic takes on a vastly different hue, one of triumph, lives saved, and futures forever altered.

What If the Titanic Had Never Sunk?

Shailaza Singh
Published Author, Poet and a YouTuber

Imagine New York City in the spring of 1912! The Titanic, hailed as the greatest ship ever built, glides into Pier 59 under a brilliant morning sun. Its hull gleams, its decks are alive with waving passengers, and its iconic name becomes synonymous not with tragedy but with achievement.

On the promenade deck, John Jacob Astor IV, one of the wealthiest men in America, stands proudly beside his pregnant wife, Madeleine. The pair, admired by all, step onto American soil to a flurry of camera flashes and cheers. In this version of history, Astor lives to see the birth of his son, becoming a guiding influence in his life and continuing his innovative pursuits. "The Titanic was supposed to be a new beginning for us," Madeleine might have said, marvelling at the start of a brighter future.

In steerage, families like the Sages, a hardworking clan of eleven, experience a profound moment of hope. The reunion at the docks is heartwarming, hugs, tears, and laughter as they embrace relatives waiting for them in the land of opportunity. Their survival sparks stories passed down through generations, of a fateful voyage, that brought them to a new beginning.

Heroes of the Ship

The Titanic's crew, hailed as stewards of safety and luxury, would have basked in well-earned praise. Captain Edward Smith, set to retire after this maiden voyage, would have gone out not as a tragic figure but as a celebrated mariner. Imagine his farewell dinner, crew members raising glasses in his honour, recounting his steady leadership.

Sector-2, Vidhyadhar Nagar,
Jaipur-302039 (Raj.) Ph.:+91-141-2230511
Mob. : +91 7976420180, 7976453416

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर (श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा संचालित) पी-10 ए. सेक्टर-2, उत्सव भवन के पास, विधाधर नगर, जयपुर.302039 में वर्ष अगस्त 2019 तक के सोनोग्राफी एवं लैब के दस्तावेज नष्ट किये जा रहे है। किसी व्यक्ति को इन दस्तावेजों से संबंधित कोई जानकारी चाहिये तो कृपया 10 दिन के अंदर डायग्नोस्टिक सेन्टर प्रशासन से संपर्क करे। उसके बाद डायग्नोस्टिक सेन्टर की इन दस्तावेजों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उसके उपरांत दस्तावेजों नष्ट कर दिये जायंगे।

दिनांक:09.01.2025 आज्ञा से
श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत समक्ष किराया अधिकरण
मुकाम क्रम-2 महसनगर प्रथम जयपुर
रामेश्वर बनाम रियाज मौ.
दावा बाबत अर्जी धारा-9
मुकद्दमा नं. ....सन्..

बनामः-
मुसम्मी अखलाब वल्द मौ. इम्तियाज कौम मुसलमान साकिन चीनी की बुर्ज गणगौरी बाजार जयपुर

चूंकि....... ने इस अदालत में तारीख.... माह .... सन्20....को 1. रामेश्वर बनाम 2. रियाज मौ.. दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि ......मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्की ....मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. ..बनाये जावें। लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1...... आपको तारीख 05 माह 02 सन् 2025 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 09.01.205 को जारी किया गया

मोहर अदालत
आज्ञा से रीडर
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
क्रम सं. 5 किराया अधिकरण द्वितीय

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4
न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी
स्थान कि. रेनवाल
गणपतलाल विरूद्ध भंवरी देवी वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 4
प्रार्थना पत्र संख्या .... सत्र

नाम मंजू देवी पुत्री गंगाराम जाति कुम्हार (कुमावत) पता खाटूवालों की ढाणी, कि.रेनवाल जिला - जयपुर उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ..... अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 29 माह 01 सन् 2025 को 10. 00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 13 माह 12 सन 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत
आज्ञा से
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर ग्रामीण

नाम परिवर्तन

मैं कमला कँवर धर्मपत्नी श्री अर्जुन सिंह शेखावत निवासी-प्लॉट नं. 44, शान्ति नगर, खिरणी फाटक के पास, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान मेरे पति सेवानिवृत आर्मी के सर्विस व पेशन रिकॉर्ड (PPO आर्डर No. ए/106524/87) में मेरा नाम कमला देवी गलत दर्ज है। भविष्य में मुझे कमला कँवर के नाम से जाना जावे।

मैं HAV. सुरेश कुमार पुत्र स्व. जगदीश निवासी-गांव-नैहचाना, जिला-रेवाड़ी, हरियाणा ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम रूपवती देवी से बदलकर रूपवती व जन्मतिथि 01-01-1958 कर लिया है।

मैं कमला कंवर धर्मपत्नी श्री अर्जुन सिंह शेखावत निवासी-प्लॉट नं. 44, शान्ति नगर, खिरणी फाटक के पास, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान मेरे पति सेवानिवृत आर्मी के सर्विस व पेशन रिकॉर्ड (PPO आर्डर No. S/106524/87) में मेरा नाम कमला देवी गलत दर्ज है। भविष्य में मुझे कमला कंवर के नाम से जाना जावे।

मेरा नाम Mira Gupta Bhagwan Sahai Gopta से बदलकर अपना नामMeera Gupta W/o Bhagwan Sahai Gupta रख लिया है भविष्य में मुझे Meera Gupta W/o Bhagwan Sahai Gupta के नाम से जाना जावे। पता-34-A बसंत विहार कालोनी, 80 फीट रोड़ वैशाली नगर (पश्चिम) पॉच्यावाला जयपुर।

मैंने अपना नाम विनय कुमार गुप्ता से बदलकर विनय गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे विनय गुप्ता के नाम से जाना जावें। पता-ए-80, शिव शक्ति नगर, जगतपुरा रोड, मालवीय नगर, जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 03.2024

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र ।

प्रार्थी- नाम पुनीत गुप्ता पुत्र स्व. श्री प्रीतम कुमार गुप्ता जाति वैश्य विवार स्थान जयपुर मृतक प्रीतम कुमार गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में। पेशी दिनांक 12.02.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी /प्रार्थीगण में इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम प्रीतम कुमार गुप्ता पुत्र श्री रिधनारायण गुप्ता जाति वैश्य निवासी एम-242, आशियाना उत्सव, माचवा चम्पापुरा जयपुर (राजस्थान) 303706

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 02 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होग।

आज दिनांक 18 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत
आज्ञा से
एडमिनिस्ट्रेटर जनरल,
राजस्थान जयपुर

कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज
जलेबी चौक, बड़ी चौपड़, जयपुर
क्रमांक :- अधि0 अभि0 (मु0) हैरिटेज/2024/583 दिनांक :- 09/01/2025

ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 89 से 92/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज के निविदादाओं से अधि0 अभि0 (मु0) द्वारा सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2425WSOB01116, 01117, 01118, 01119 पर भी देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/10122 अधिशाषी अभियन्ता (मु0) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं की भी मति भ्रमित हुई : जवाहर सिंह बेढ़म

जयपुर। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कांग्रेसी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कभी आलू से सोना निकालता है तो कभी काली दाल-पीली दाल में अंतर तक नहीं कर पाता। ऐसे में जिस तरह केंद्रीय नेतृत्व सारहीन बातें करता है, ठीक उसी तर्ज पर प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं की मति भी भ्रमित हो गई और ये लोग जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। कांग्रेसी नेता अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जनता को गुमराह करते हुए बयानबाजी कर रहे है। एसआई भर्ती को लेकर कांग्रेसी नेता लगातार बयानबाजी कर रहे है, इससे यह तो साबित हो गया कि पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई एसआई भर्ती में गडबड़ी हुई। यह एसआई भर्ती मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है इस लिए इसके संबंध में कुछ कहना उचित नहीं होगा। हम भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अपराध मुक्त राजस्थान और विकास की दृष्टि से नंबर वन राजस्थान बनाएंगे।

बेढ़म ने कहा कि उपचुनावों में कांग्रेस पांच में से एक पर आई और भाजपा ने एक बढ़त बनाते हुए पांच सीटों पर विजय प्राप्त की, यह जनता को गुमराह करने का परिणाम है। कांग्रेसी नेताओं को यह तय करना चाहिए कि इनकी आपसी सिर फुटव्वल लड़ाई को समाप्त कर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए। कांग्रेस नेता कहते है कि विधानसभा में देखेंगे, लेकिन जनता ने इनको मैदान में देख लिया। कांग्रेसी नेता अपनी ही पार्टी में अपनी राजनीति कैसे चमकाई जाए, इसको लेकर मीडिया में लगातार बयानबाजी कर रहे है।

गृहराज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। गरीबों को, किसानों को, महिलाओं को और युवाओं के विकास को केंद्रीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे है। भाजपा का ध्येय, कत्तर्व्य और संकल्प है कि इन वर्गों का उत्थान करके राजस्थान को विकास की दृष्टि से नंबर वन बनाएंगे और 2047 के विकसित भारत में राजस्थान का नाम सर्वोच्च होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के पहले ही साल में सफल राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन कर अपने नेक इरादों को भी जनता के सामने रख दिया। भाजपा सरकार से समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए, वहीं दूसरी ओर पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किए गए एमओयू धरातल पर उतरे तक नहीं।

मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में गहलोत की नाक के नीचे राजधानी में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं होती रही, एक या दो नहीं 17 पेपरलीक हुए, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बस में परीक्षार्थियों को नकल कराई गई थी लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने पेपरलीक गिरोह को सलाखों के पीछे पहुंचाने के साथ संगठित अपराधों पर नकेल कसने का कार्य किया। हाल ही में बीज निगम के पेपर को लीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन भजनलाल सरकार ने 14 माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया। यहां अगर कांग्रेस की सरकार होती तो यह पेपर भी लीक हो जाता। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान के युवाओं को विश्वास दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं को 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए कटिबद्ध और संकल्पबद्ध है। ऐसे में युवाओं से आव्हान करता हूं कि कांग्रेसी नेताओं के बयानों में गुमराह या भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।

गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म गुरूवार को प्रेस से रुबरु हुए।

- 'कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर जनता को कर रहे है गुमराह'
- 'कांग्रेस पार्टी में अपनी राजनीति चमकाने के लिए ये कर रहे है बयानबाजी'

चिकित्सा विभाग में मिशन मोड में भर्तियां



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर गुरूवार को विभाग ने नर्सिंग ऑफिसर के 7674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी किये।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। रिकॉर्ड समय में 7 कैडर के 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। चिकित्सा विभाग ने गुरूवार को पारदर्शी तरीके से राज हैल्थ पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग ऑफिसर के 7 हजार 674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी कर दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में नर्सिंग ऑफिसर के 7674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश आज जारी किए गए हैं।

निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के करीब 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का कार्य किया जा रहा है। मिशन मोड में कार्य करते हुए अल्प समय में सात कैडर दंत तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, सहायक रेडियोग्राफर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्सिंग ऑफिसर के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 20 हजार 546 पदों में से अब केवल फार्मासिस्ट कैडर की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होना शेष है, जिसे जल्द पूरा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

विधानसभा में पहली बार मनाया गया अध्यक्ष का जन्म दिवस

जयपुर। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस (11 जनवरी) के चार दिवसीय कार्यक्रमों की गुरुवार से राजस्थान विधान सभा में विधानसभा कर्मियों द्वारा आयोजित सुंदरकांड, महाआरती और रक्तदान जैसे पावन व सनातन कार्यक्रमों से शुरुआत हुई। विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक यूनुस खान, गोपाल लाल शर्मा, अमीन कागजी, हरिमोहन शर्मा, अमित चाचाण, कैलाश वर्मा, अर्जुनलाल जीनगर, रामविलास मीणा, जेठानंद व्यास. भागचंद टांकडा, नरेन्द्र बुडानिया, थावर चंद, राधेश्याम बैरवा, सुश्री रीटा चौधरी, श्रवण कुमार सहित सभी दलों और निर्दलीय विधायकों और पूर्व विधायक नवरंग सिंह व पवन दुगल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण व कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ, पुष्पमाला, पौधा और स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें बधाई एवं स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

- नेता प्रतिपक्ष सहित सभी दलों के विधायकों ने देवनानी को दी जन्म दिवस की बधाई
- देवनानी के जन्म दिवस के चार दिवसीय कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को राजस्थान विधान सभा में विधानसभा कर्मियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

राजस्थान विधानसभा में अधिकारियों व कर्मचारियों ने अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर हर्षोल्लास व सनातन परम्परा के अनुसार विधान सभा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर सादगी से मनाया। विधानसभा स्थित श्रीविधानेश्वर महादेव मंदिर में पंडित के. के. शर्मा के नेतृत्व में सुंदरकांड, पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। देवनानी ने सुंदरकांड और महाआरती में शामिल होकर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश व विधानसभा की खुशहाली की कामना की। विधानसभा कर्मियों के साथ अध्यक्ष श्री देवनानी ने पौष बड़ा प्रसादी भी ग्रहण की।

विधानसभा में रक्तदान शिविर राजस्थान विधान सभा कर्मचारी सहकारी बचत एवं साख समिति ने स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और जयपुर हॉस्पिटल, लाल कोठी के सहयोग से विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधानसभा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान कर 82 यूनिट रक्त एकत्रित किया। अध्यक्ष देवनानी ने प्रमाण-पत्र और फल भेंट कर रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

विधान सभा में पहली बार किसी अध्यक्ष का जन्म दिन समारोह पूर्वक मनाया गया। देवनानी को राजस्थान विधान सभा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके जन्म दिन की 76वीं वर्षगांठ पर 76 किलो फूलों की विशाल माला पहनाकर उनका मध्य अभिनन्दन किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि एकादशी के दिन उनका जन्म होने पर उनकी माताजी ने 11 जनवरी के दिन को उनकी अधिकारिक जन्मतिथि तय की थी। उन्होंने कहा कि विधान सभा में सुंदरकांड और महाआरती का सामूहिक आयोजन सराहनीय प्रयास है। सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलकर विधान सभा के कार्यों को बेहतरीन तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि विधान सभा संचालन की सही दिशा में प्रगति, प्रदेश के विकास के लिये आवश्यक है।

देवनानी ने कहा कि विधान सभा में कार्य करने के भरपूर अवसर होते हैं। यहां कार्यों को सरल बनाने के लिए नवाचार किये जाने की पूरी सम्भावनाएं है। यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से ही वे विधान सभा में नवाचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाचारों की श्रंखला से विधानसभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने जा रही है। 16वीं विधान सभा के तृतीय सत्र में सदन नये कलेवर में दिखाई देगा। विधान सभा का सदन अब हाईटेक और गुलाबी रंग में दिखाई देगा।

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत 9 जनवरी को ऑनलाइन पहला प्रश्न प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि नेवा सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के तहत विधान सभा को पहला प्रश्न बारां जिले के किशनगंज विधान सभा क्षेत्र से विधायक ललित मीणा ने ऑनलाइन भेजा है। देवनानी ने कहा कि अब सभी विधायक विधानसभा संबंधी कार्यों का अब ऑनलाइन सम्पादन कर रहे है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश के लिए यह शुभ संकेत है।

अवैध गांजा परिवहन करते तीन जने गिरफ्तार

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना पुलिस ने गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए डीडवाना से पुष्कर जाने वाले हाइवे पर होटल के सामने नाकाबंदी के दौरान पिकअप से अवैध गांजा परिवहन करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के बैग से 5 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त पिकअप जब्त की।

जानकारी के अनुसार डीडवाना थाना पुलिस पुष्कर हाइवे पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप की तलाशी में 5 किलो 840 ग्राम गांजा पकड़ा गया। परिवहन करने वाले तीनों आरोपी गोविन्दराम, हुक्माराम व मुकेश को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी खुनखुना थाना क्षेत्र के बेड़वा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है, यह यह जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी कब से नशे का अवैध धंधा कर रहे हैं और कहां सप्लाई करने वाले थे और कहां से नशे की खेप लाई जा रही थी।

राज्य सरकार ने नियुक्त किए जिलों के प्रभारी मंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर विभिन्न जिलोंके प्रभारी मंत्री नियुक्त किये हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी अजमेर व ब्यावर एवं उपमुख्मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा व राजसमन्द के प्रभारी मंत्री नियुक्त किये गए हैं। वहीं केबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल अलवर व खैरथल-तिजारा, गजेन्द्र सिंह बीकानेर व जैसलमेर, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ दौसा, मदन दिलावर जोधपुर व फलौदी, कन्हैयालाल नागौर व डीडवाना-कुचामन, जोगाराम पटेल जयपुर, सुरेश सिंह रावत भरतपुर व डीग, अविनाश गहलोत चुरू व झुन्झुनू, सुमित गोदारा श्री गंगानगर व हनुमानगढ़, जोराराम कुमावत बाड़मेर व बालोतरा, बाबूलाल खराड़ी बांसवाडा व डूंगरपुर इनके साथ ही हेमन्त मीणा उदयपुर व सलुम्बर के प्रभारी मंत्री नियुक्त किये गए हैं।

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी अजमेर व ब्यावर एवं उपमुख्मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा व राजसमन्द के प्रभारी मंत्री नियुक्त

राज्यमन्त्री संजय शर्मा सीकर, गौतम कुमार कोटा व सवाई माधोपुर, झाबर सिंह खर्रा पाली, हीरालाल नागर टोंक व बूंदी, ओटा राम देवासी झालावाड़ व बारां, डॉ. मंजू बाघमार प्रतापगढ़ व चित्तोड़गढ़, विजय सिंह कोटपूतली-बहरोड़, के. के. बिश्नोई सिरोही व जालोर एवं जवाहर सिंह बेढम करौली व धोलपुर के प्रभारी मंत्री रहेंगे।

जी.एस.टी. से भाजपा ने टैक्स आतंकवाद फैलाया : खेड़ा

जयपुर। कांग्रेस के मीडिया एवं कम्युनिकेशन प्रमुख पवन खेड़ा ने जयपुर में जीएसटी को गब्बर सीतारमण टैक्स की संज्ञा दी और कहा कि इसके जरिए केंद्र की भाजपा सरकार ने टैक्स आतंकवाद फैलाया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह डरपोक और कायरों की सरकार है। पीएम नरेंद्र मोदी सबसे बड़े कायर हैं, जो बिना टेलिप्रॉम्पटर के एक शब्द भी नहीं बोल पाते हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि देश में जीएसटी लागू हुए 90 महीने हो चुके हैं। इस बीच कमोबेश हर दिन इसे लेकर एक नया सर्कुलर निकला है। जीएसटी का आधार सरलीकरण था, लेकिन यह कैसा सरलीकरण है कि 90 महीने में हर दिन एक नया सर्कुलर निकाला गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सत्र से पहले कांग्रेस जीएसटी का मुद्दा उठा रही है ताकि जब सदन चले तो सबका ध्यान इस तरफ जाए।

युवा अपने को और बेहतर बनाने की कोशिश हमेशा जारी रखें : राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर। युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि हम सभी को अपने आप को और बेहतर बनाने की कोशिश हमेशा जारी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अपने पर पूरा भरोसा रखें। वे अपने ज्ञान से हर मुश्किल को आसान बना सकते हैं।

कर्नल राठौड़ गुरुवार को एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के तहत नई दिल्ली जा रहे युवाओं के दल से संवाद कर रहे थे। यह दल 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा। दल में कुल 71 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनका चयन विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर किया गया है। ये युवा राष्ट्रीय स्तर पर लोक नृत्य, लोक गायन, कविता पाठ, कहानी लेखन, भाषण और चित्रकला आदि कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। कर्नल राठौड़ ने इस दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

युवा मामले एवं खेल मंत्री ने इन युवाओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप राष्ट्रीय स्तर पर राज्य के एम्बेसडर्स की भूमिका में होंगे। आपके प्रदर्शन और व्यवहार के जरिए लोग राजस्थान का आंकलन करेंगे। साथ ही, आपके प्रदर्शन से प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आपको पूरी क्षमता से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना है। हार या जीत मायने नहीं रखती, लेकिन जो भी हमने सीखा है उसका श्रेष्ठ प्रदर्शन होना चाहिए।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की छवि प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई रिस्पॉंसिबल, रिलायबल और राइजिंग राजस्थान की बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कई लोग अभावों में भी खुश रहते हैं। हमें जीवन में खुशी की तलाश करनी चाहिए। युवा मामले एवं खेल मंत्री ने कहा कि युवाओं का राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में आना व्यर्थ नहीं जाएगा, बल्कि यहां से अर्जित ज्ञान से वे अपने आप को बेहतर बना पाएंगे।

- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कर्नल राठौड़ ने 71 प्रतिभागियों के दल को नई दिल्ली रवाना किया

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कर्नल राठौड़ ने इससे पूर्व नई दिल्ली जा रहे दल के युवा सदस्यों से आत्मीयता से संवाद किया। इस दौरान विकास से लेकर विरासत, नवीन तकनीक से लेकर कृषि और विज्ञान से लेकर कला पर युवाओं से अपने विचार व्यक्त किए। युवा मामले एवं खेल मंत्री ने युवाओं के विचारों और उनके आत्मविश्वास की जमकर सराहना की। युवाओं ने विश्वास दिलाया कि वे राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का परचम लहराएंगे।

कार्यक्रम के पश्चात् युवा मामले एवं खेल मंत्री ने बनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा तैयार की ऑटोनोमस वाटर सरफेस क्लीनिंग बोट (भारत एक्वा बोट) का प्रदर्शन देखा। छात्राओं ने बताया कि यह बोट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से नदियों आदि के जल की सफाई में कारगर साबित होगी। कर्नल राठौड़ ने छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेन्द्र सिंह, युवा मामले एवं खेल विभाग की उप सचिव अनीता मीणा एवं राजस्थान यूथ बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश पहाड़िया उपस्थित रहे।

सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के द्वितीय दिन गुरुवार को भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में संभागवार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 'विकसित भारत' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने तकनीक, युवा एवं महिला विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, कला एवं संस्कृति के संरक्षण और भारत के गौरवशाली इतिहास आदि पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना से विभिन्न विषयों को कैनवास पर उकेरा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 12 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा।

मांगों के समर्थन में ए.बी.वी.पी. के छात्रों का जमकर हंगामा

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर गुरूवार को एबीवीपी के छात्र चढ़ गए और जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय में पिछले कुछ दिनों से संविदा कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी। उनकी समस्याओं के निदान के लिए बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में विज्ञान महाविद्यालय के डीन महेन्द्र सिंह ढाका ने संविदा महिला कर्मचारियों के अभद्र व्यवहार किया। वहीं दूसरी और संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए कमेटी का गठन नहीं हो सका। इस पर गुरूवार को एक बार फिर संविदाकर्मी हड़ताल पर चले गए। इस बार इन कर्मचारियों के समर्थन में विश्वविद्यालय में स्थाई रूप से कार्य करने वाले सभी कर्मचारी भी आ गए और प्रशासनिक भवन सहित महाविद्यालयों में पूरी तरह से कामकाज ठप्प कर दिया गया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सभी कर्मचारियों ने इकठ्ठा होकर संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

- मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर चढ़े छात्र

वहीं दूसरी और कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय की कुलपति से विज्ञान महाविद्यालय के डीन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि डीन महेन्द्र सिंह ढाका के खिलाफ राज्यपाल के निर्देश पर विश्वविद्यालय के बोर्ड आफ मैनेजमेंट की ओर से प्रतापनगर थाने में मुकद्मा दर्ज करवाया गया है। इसके बावजूद उन्हें डीन बना देना गलत हैसंविदा कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष नारायण लाल सालवी ने बताया कि प्रशासन की ओर से उन्हें लगातार झूठा आश्वासन मिल रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से एक दिन में कमेटी का गठन करना था लेकिन नहीं हो सका। अब कर्मचारी संगठनों के साथ छात्र संगठनों का भी सहयोग मिल रहा है लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अब विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सभी कर्मचारियों ने इकठ्ठा होकर संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। वहीं दूसरी और कर्मचारियों ने उनके जन्म दिन की 76वीं वर्षगांठ पर 76 किलो फूलों की विशाल माला पहनाकर उनका मध्य अभिनन्दन किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि एकादशी के दिन उनका जन्म होने पर उनकी माताजी ने 11 जनवरी के दिन को उनकी अधिकारिक जन्मतिथि तय की थी। उन्होंने कहा कि विधान सभा में सुंदरकांड और महाआरती का सामूहिक आयोजन सराहनीय प्रयास है। सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलकर विधान सभा के कार्यों को बेहतरीन तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि विधान सभा संचालन की सही दिशा में प्रगति, प्रदेश के विकास के लिये आवश्यक है।

इधर अखिल भारतीय संयुक्त कर्मचारी संगठन अध्यक्ष भरत व्यास ने बताया कि कुलपति सुनीता मिश्रा ने ऐसे व्यक्ति को डीन बनाया है जिनके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन उच्च अधिकारियों को यह समझा नहीं पा रहा है कि संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में चलने वाले सेल्फ फाइनेंस कोर्स से होने वाली आय से भुगतान किया जाता है।

युवक को जेसीबी से टक्कर मारकर घायल किया

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित सिंदरी के बालाजी चौराहे के पास बीती रात बाइक सवार युवक को जेसीबी से टक्कर मारने के बाद उस पर तलवार व सरियों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। घायल युवक को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

कीरखेड़ा निवासी शंभुलाल कीर ने बताया कि उसके भाई शंकरलाल (42) पुत्र गोदूलाल कीर ने दो दिन पहले जेसीबी व ट्रैक्टर को गांव में धीरे चलाने को लेकर उलाहना दिया था। इसी बात को लेकर बीती रात को जब उसका भाई शंकर तस्वारिया रोड़ से आ रहा था, तभी सिंदरी के बालाजी चौराहे पर जेसीबी से शंकर की बाइक को टक्कर मार दी। जेसीबी हरजी चला रहा था। इसके बाद हरजी, शंभु व इनके दो बेटों ने तलवार व सरियों से शंकर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शंकर को गंभीर हालत में एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। शंकर के पिता गोदू ने चारों आरोपितों के खिलाफ सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दी है।

मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह अगला व्यक्ति (कप्तान) हो सकता है। क्योंकि वह आगे बढ़कर लीड करता है। उनके अंदर एक बहुत ही अच्छी छवि है, जो लीडर की है। - सुनील गावस्कर

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में दिग्गज ओपनर सुनील गावस्कर ने अपने विचार रखें।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

स्मृति मंधाना

वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाये जिसमें वनडे श्रृंखला में 148 और टी20 में 193 रन शामिल है। मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी।

क्या आप जानते हैं ?... विश्व कप फुटबॉल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के बेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय, टखने में चोट है

नई दिल्ली, 9 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर संशय है। उनके टखने में चोट है, जिसके लिए उन्हें स्कैन करवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है।

बैली ने बताया, पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, जिसके लिए अभी ब्रेक पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी चोट की स्थिति का पता चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से जीती थी। कमिंस में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था। इंग्लैंड से ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है।



श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे कमिंस

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस यह सीरीज मिस करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा फाइनल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।

पीएसपीबी इंटर यूनिट स्क्वैश चैंपियनशिप

रीवा और पारुल के बीच खिताबी टक्कर, सूरज चंद, सुभाष, अली हैदर और विश्ववर्धन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल में

जयपुर, 9 जनवरी। बीपीसीएल की रीवा निम्बालकर और ओएनजीसी की पारुल वसावा ने गुरुवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेली जा रही पीएसपीबी इंटर यूनिट स्क्वैश प्रतियोगिता में महिला वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमी फाइनल में रीवा ने एनआरएल की प्रज्ञा डेगा को 2-0 से और पारुल ने ओएनजीसी की ही गुरजीत कौर को 2-0 से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में टॉप सीड बीपीसीएल के सूरज चन्द ने आईजीएल के अंकुर वर्मा को 3-0 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई। अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में बीपीसीएल के सुभाष चौधरी ने ओआईएल के नितेश कुमार को 3-0 से, एनआरएल के अली हैदर ने एनआरएल के ही अनेम कारिख को 3-0 से और ओआईएल के विश्ववर्धन भाटी ने ओआईएल के ही चंदन कुमार को 3-0 से शिकस्त दे सेमी फाइनल में जगह बनाई।

सेमी फाइनल में सूरज चन्द का मुकाबला सुभाष चौधरी और अली हैदर का विश्ववर्धन भाटी से मुकाबला होगा। इस बीच वेटरन वर्ग में बीपीसीएल के राजकुमार दुबे, ओआईएल के जयंत कलिता, आईओसी के अनिवेश प्रसाद और आईओसी के ही उदित जैन ने अंतिम चार में जगह बना ली।

श्रीलंका से टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया, 9 जनवरी। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। कमिंस दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, इसलिए वे ब्रेक पर हैं। साथ ही वे टखने की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोट लग गई थी, इस वजह से वे आखिरी मुकाबला भी नहीं खेल सके थे। श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसकी शुरुआत 29 जनवरी से होगी।

कोनोली को पहली बार मौका कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में मौका मिला है। ओपनर नाथन मैकस्वीनी की इस दौरे से वापसी होगी। उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो मुकाबलों के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। सैम कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर को अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद टीम में शामिल किया गया है। दोनों ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से डेब्यू किया था। 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर और 3 पेसर शामिल बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन, ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और नाथन लियोन तीन स्पिनर्स टीम में शामिल हैं। हेड, मैकस्वीनी, वेबस्टर जैसे खिलाड़ी भी टीम के पास स्पिन के बेहतरीन ऑप्शन हैं। वहीं, मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और सॉन एबॉट तीन स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज इस दौरे पर टीम के साथ जाएंगे।

श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रैविस हेड (उप कप्तान), सॉन एबट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

जानें कौन हैं? नारायण जगदीशन

नई दिल्ली, 9 जनवरी। एक ओवर में 6 चौके या 6 छक्के तो आम सी बात है, लेकिन एक ओवर में 7 चौके या 7 छक्के सोच से बाहर है। हालांकि, मौजूदा समय में खेला जा रहा विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में ऐसा कारनामा देखने को मिला है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज नारायण जगदीशन क्रीज पर थे और उस ओवर में कुल 7 चौके लगे जो कि अपने में ही कमाल है। विजय हजारे ट्रॉफी का दूसरा प्रीलिमिनरी क्वार्टर फाइनल राजस्थान और तमिलनाडु के बीच खेला जा रहा है। मुकाबले में तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने एक ओवर में 6 चौके लगाने का कमाल किया, लेकिन ओवर में लगे कुल 7 चौकों की मदद से 29 रन आए।

24 दिसंबर 1995 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्में नारायण जगदीशन भारतीय क्रिकेटर हैं। जिन्होंने 2016 में रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू किया। इस दौरान उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वहीं नारायण जगदीशन ने वर्तमान में विजय हाजरे ट्रॉफी के इस मुकाबले में 65 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने कुल 52 गेंदों का सामना भी किया और 10 चौके लगाए। विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन में जगदीशन अब तक 6 पारियों में 60.60 के औसत से कुल 303 रन बना चुके हैं। जिसमें एक शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी खेलने में कामयाब हुए हैं।

वहीं बता दें कि, राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 268 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी तमिलनाडु टीम की तरफ से पारी की शुरुआत करने तुषार रहेजा और नारायण जगदीशन उतरे जिसमें दोनों ने मिलकर पहले ओवर में कुल 10 रन बनाए। इसके बाद राजस्थान की तरफ से अमन शेखावत ने दूसरा ओवर फेंका इस दौरान जगदीशन का बल्ले से रौद्र रूप देखने को मिला। इस ओवर की पहली गेंद को अमन ने वाइड फेंक दिया जो सीधे बाउंड्री पार गई। इसके बाद जगदीशन ने पॉइंट के ऊपर से चार रनबनाए, तीसरी गेंद पर फिर थर्ड मैन पर चौका आया, जबकि चौथी गेंद पर पॉइंट की दिशा में खेलते हुए चार रन बनाए। पांचवीं गेंद पर पुल जबकि ओवर की आखिरी गेंद पर जगदीशन ने फ्लिक करने के साथ उसे चार रनों के लिए भेज दिया।

हिमा दास ने 18 साल की उम्र में रच दिया था इतिहास

असम, 9 जनवरी। भारतीय एथलीट हिमा दास आज यानी की 09 जनवरी को अपना 24वां जन्मदिन मना रही हैं। हिमा दास को ढिंग एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है। वह भारतीय एथलीट हैं और विशेष रूप से 400 मीटर दौड़ में अपनी शानदार उपलब्धियों के लिए जानी जाती हैं। जिंदगी के सारे संघर्षों को मात देकर हिमा दास ने देश के लिए ऐतिहासिक मेडल हासिल किया। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर एथलीट हिमा दास के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

असम के नागौन जिले में 09 जनवरी 2000 को हिमा दास का जन्म हुआ था। बता दें कि हिमा दास को गांव की गलियों से निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने का श्रेय उनके बचपन के कोच निपुन दास को जाता है। निपुन दास ने हिमा दास के परिवार को मनाया और उनको ट्रेनिंग के लिए उन्हें गुवाहाटी ले आए। बता दें कि हिमा दास ने अंडर-20 के 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर खेल की दुनिया में अपना नाम बनाया। इसके बाद हिमा दास चर्चा में आ गईं और महज 18 साल की उम्र में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उनका नाम गूंजने लगा। उन्होंने 51.46 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीता और दिलचस्प बात यह थी कि यह हिमा दास का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था।

दिसंबर 2020 में गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 51.13 सेकंड का समय लेते हुए उन्होंने अंडर -20 चैंपियनशिप को बेहतर बनाया। फिलहाल हिमा दास 400 मीटर में 50.79 सेकेंड का बेस्ट रिकॉर्ड रखती हैं। साल 2018 में उन्होंने यह रिकॉर्ड इंडोनेशिया के जकार्ता में एशियाई खेलों में बनाया था। इस दौरान हिमा दास ने रजत पदक जीता था।

गोल्ड पदक जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन 2 महीने में 7 पदक जीतना असाधारण है। उन्होंने जुलाई और अगस्त 2019 में यूरोपीय सर्किट टूर और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में हिमा दास के कुल पदकों की संख्या 7 थी। यह सभी मेडल गोल्ड थे। जिनमें से 5 गोल्ड मेडल 200 मीटर में और दो 400 मीटर स्प्रिंट में थे।

विजय हजारे ट्रॉफी में राजस्थान ने तमिलनाडु को हराया

राजस्थान की जीत में अभिजीत तोमर की शतकीय पारी

जयपुर, 9 जनवरी। बड़ोदा में खेली जा रही बीसीसीआई की विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी के नॉक आउट दौर में आज राजस्थान ने तमिलनाडु को प्री क्वाटर फाइनल मैच में 19 रनो से हरा कर प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। राजस्थान की जीत में अभिजीत तोमर की शतकीय पारी , कप्तान महिपाल लोमरोर के अर्धशतक सहित गेंदबाज अमन सिंह शेखावत , अनिकेत चौधरी व अजय सिंह कुकना की शानदार गेंदबाजी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर की शतकीय पारी व महिपाल लोमरोर के ताबड़तोड़ अर्धशतक की सहायता से 267 रनो का स्कोर बनाया। अभिजीत तोमर व महिपाल लोमरोर के मध्य दूसरे विकेट के लिए 160 रनो की साझेदारी हुई। अभिजीत तोमर ने अपनी 111 रनो की शतकीय पारी में 125 गेंदों का समाना किया जिसमे 4 छक्के व 12 चोक्के लगाए। महिपाल लोमरोर ने अपनी 60 रनो की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी में 4 छक्के व 3 चोक्के लगाए। युवा कार्तिक शर्मा ने अपनी 35 रनो की तेज पारी में 28 गेंदों का सामना किया व 2 छक्के व 3 चोक्के लगाए। तमिलनाडु के गेंदबाज वरुण 52 /5 विकेट लिये।

तमिलनाडु पारी 248 आल आउट। टीम के लिए जगदीशन 65 , विजय शंकर 49 , बाबा इंद्रजीत 37 व मोह अली 34 रन बनाये।

राजस्थान के गेंदबाज अमन सिंह शेखावत , अनिकेत चौधरी , अजय सिंह कुकना व खलील अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच में राजस्थान को शानदार जीत दिलाई। अनुभवी गेंदबाज अनिकेत व खलील के साथ युवा गेंदबाज अमन सिंह शेखावत ,मानव सुथार व अजय सिंह कुकना ने मिलकर तमिलनाडु शानदार शुरुआत के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए तमिलनाडु टीम को 248 रनो के स्कोर पर आल आउट करते हुए राजस्थान को जीत दिलाई। अमन सिंह शेखावत ने 60/3 , अनिकेत चौधरी 40 / 2, अजय सिंह कुकना 59 / 2 , खलील अहमद 51 /1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान के फील्डर्स ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए तमिलनाडु टीम के 2 बल्लेबाजों को रन आउट किया।

वरुण चक्रवर्ती वनडे डेब्यू करने को तैयार

नई दिल्ली, 9 जनवरी। अगले महीने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। इस टूर्नामेंट के लिए अभी तक बीसीसीआई ने टीम का ऐलान नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड 11 जनवरी को टीम इंडिया का ऐलान कर देगा। इससे पहले टीम को लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड के खिलाफ वनेड सीरीज औ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

2025 चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया घर पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। ये कंफर्म है कि जो टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी, वही टीम 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भी होगी। अब कहा जा रहा है कि आईपीएल और टी20 इंटरनेशनल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वरुण चक्रवर्ती को अब वनडे में डेब्यू का मौका मिलेगा। टीम चुने जाने से पहले वरुण चक्रवर्ती ने घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में काल का प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट के दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल में वरुण ने तमिलनाडु के लिए खेलते हुए राजस्थान के खिलाफ 9 ओवर में 52 रन देकर 5 विकेट झटके हैं। वरुण विजय हजारे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में आंध्र प्रदेश की टीम का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 9 जनवरी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद और आईओए की ऐडहॉक कमेटी के तत्वावधान में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हो रही सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों की टीमों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आई महिलाओं की टीमें भी अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खूब पसीना बहा रही हैं। मैदान में चाहे प्रैक्टिस सेशन हो या फिर मैच, सभी आपसी तालमेल और बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करती नज़र आ रही हैं।

महिला कोच भी उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उनको सपोर्ट कर रही है और यह पहला मौका है जब वॉलीबॉल के इस महाकुम्भ में जम्मू-कश्मीर हो या केरल, अण्डमान निकोबार हो या फिर गुजरात, सभी टीमें भारत की अनेकता में एकता की मिसाल पेश कर रही हैं। इस टूर्नामेंट के आयोजन सचिव भरत सिंह के अनुसार सेंटर फॉर एक्सीलेंस, बैंगलोर के प्रतिनिधि जो एफआईवीबी की ओर से नियुक्त किए गए हैं वे सभी टीमों और उनके खिलाड़ियों के खेल को बारीक़ी से परख रहे हैं जिससे चुनिन्दा खिलाड़ियों को इस खेल में और आगे बढ़ाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

9 जनवरी के मुकाबलों में पुरुष वर्ग में आंध्र प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुद्दुचेरी ने चण्डीगढ़ को 25-20, 25-15, 25-21 से शिकस्त दी वहीं पंजाब की टीम ने त्दमन और दीव को 25-12, 25-11, 25-14 से हराया। मणिपुर ने त्रिपुरा को 25-14, 25-24, 25-18 से और महाराष्ट्र ने चण्डीगढ़ को 25-19, 25-20, 25-12 से मात दी। वहीं दिल्ली ने मिजोरम 23-25, 25-21, 25-23, 27-25 छतीसगढ़ ने सिक्किम को 25-20, 25-20, 25-22 से हराया। सर्विसेज की टीम ने रेल्वे की टीम पर 3-0 से जीत दर्ज की और स्कोर रहा 25-20, 25-21, 25-201 महिला टीमों का प्रदर्शन भी ख़ासा रहा और उड़ीसा की टीम ने उत्तर प्रदेश को 25-17, 25-14, 25-14 से हराया और पंजाब ने शानदार खेल दिखाते हुए आंध्र प्रदेश को 25-11, 25-9, 25-14 से मात दी। केरल ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए पश्चिम बंगाल को 25-13, 25-23, 25-16 से हराया।

41वीं एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

राजस्थान के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते

जयपुर, 9 जनवरी। जयपुर में आयोजित 41वीं एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि आज के मुकाबले इंडियन राउंड में खेले गए, जिसमें राजस्थान की छात्र टीम ने रजत पदक जीता। साथ ही, मिक्स टीम इवेंट में भी राजस्थान ने रजत पदक हासिल किया। 30 मीटर की दूरी पर हुए व्यक्तिगत मुकाबले में राजस्थान की प्रतिभा कंडारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में शोभित जांगिड़, हिमेश युवराज, और यतिन निनामा की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मिक्स टीम इवेंट में शोभित जांगिड़ और प्रतिभा कंडारा की जोड़ी ने झारखंड की टीम के साथ खेलते हुए रजत पदक पर निशाना साधा। झारखंड की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

विराट कोहली पर बयान देना नाना पाटेकर को पड़ा भारी

मुम्बई, 9 जनवरी। विराट कोहली हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी में खराब फॉर्म में दिखे थे। सीरीज के पहले टेस्ट में कोहली के बल्ले से शतक निकला था इसके बाद के बाकी चारों मैचों में कोहली बुरी तरह फ्लॉप हुए थे।

इसी बीच बॉलीवुड के मशहूर एक्टर नाना पाटेकर ने भारतीय बल्लेबाज पर बयान देते हुए कहा था कि अगर कोहली जल्दी आउट हो जाते हैं तो उन्हें खाना खाने का मन नहीं करता है। वहीं नाना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर फैंस जमकर मजे ले रहे हैं।

साथ ही कई मजेदार मीम्स भी वायरल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाप पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की 9 पारियों में कोहली ने कुल 190 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक भी शामिल रहा था। इस हिसाब से कोहली 9 में से 8 पारियों में जल्दी आउट होकर पवेलियन लौटे थे।

अब कोहली का जल्दी आउट होने को फैंस नाना पाटेकर के बयान से जोड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैंस कई तरह के मीम्स शेयर करते हुए दिख रहे हैं।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने पहले घरेलू मैच में स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु को 2-1 से हराया

जयपुर, 9 जनवरी। राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने सीजन के अपने बहुप्रतीक्षित पहले घरेलू मैच में शानदार वापसी करते हुए स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु को 2-1 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित इस मैच में दर्शकों से भरा स्टेडियम अंतिम 10 मिनट में राजस्थान की जीत का जश्न मनाते हुए गूंज उठा। स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु ने शुरुआत से ही खेल पर दबदबा बनाया और दूसरे हाफ में एक शानदार गोल के साथ बढ़त हासिल की। हालांकि, राजस्थान यूनाइटेड ने धैर्य बनाए रखा और अपने मजबूत डिफेंस की बदौलत स्कोर को और बढ़ने से रोका।

मैच के अंतिम चरण में राजस्थान यूनाइटेड अब भी एक गोल से पीछे था। लेकिन 80वें मिनट में मार्तंड रैना ने एक शानदार शॉट लगाकर स्कोर को बराबर कर दिया, जिससे मुकाबले में फिर से जान आ गई। घरेलू दर्शकों के जोश से प्रेरित होकर राजस्थान यूनाइटेड ने विजयी गोल की तलाश जारी रखी। 88वें मिनट में जेरार्ड आर्टिगस ने अपने शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन से विपक्षी बॉक्स में घुसकर पेनल्टी अर्जित की। आर्टिगस ने इस पेनल्टी को खुद शानदार अंदाज में गोल में बदल दिया, गोलकीपर को गलत दिशा में भेजते हुए राजस्थान यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। अंतिम सीटी बजने के साथ ही राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर तीन अंक अपने नाम कर लिए। इस जीत ने न केवल टीम की जुझारू भावना को प्रदर्शित किया, बल्कि आगामी सीजन के लिए एक मजबूत संदेश भी दिया। इस जीत के साथ, राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं, जिससे प्रशंसकों को टीम के भविष्य के बारे में आशावादी होने का मौका मिला है। खिलाड़ी और प्रबंधन अब अगले मुकाबले की तैयारी में जुट जाएंगे, इस यादगार शाम से मिली प्रेरणा को आगे ले जाते हुए।

मार्तण्ड रैना सेंट जेवियर्स स्कूल के कोच मोहित राजोरिया का शिष्य है। आज जिस तरह रैना ने बैक खेलते हुए भी राजस्थान यूनाइटेड की ओर से खेलते हुए 80वें मिनट में मार्तंड रैना ने एक शानदार शॉट लगाकर स्कोर को बराबर किया, उस शॉट ने मैदान में बैठे हुए दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मार्तंड रैना की तरह जयपुर ही नही पूरे राजस्थान से भी 2 खिलाड़ियों से ज्यादा खिलाडी भी राजस्थान यूनाइटेड की ओर से खेल सकते थे अगर उन्हें चुना जाता।

MARUTI SUZUKI

NEXA

MISSED THE DECEMBER DEAL? DON'T MISS OUT AGAIN.

GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%

This is your last chance to drive home your favourite NEXA car.

CREATE. INSPIRE.

BUY A NEXA CAR & STAND A CHANCE TO WIN 2 TICKETS TO

AEG Presents and BookMyShow Live by arrangement with One Pilnix Live

Ed Sheeran

+ − = ÷ ×

2025 INDIA TOUR

3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

CONSUMER OFFERS UP TO ₹1 90 000#

EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#

PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#

ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 15th January '25 or till stocks last. Applicable on available stock of 2024 models. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #8 year funding product as per Bajaj Finance Scheme. Mentioned finance offering may vary basis customer profile, geography, credit score etc. All loans are at the sole discretion of the financer. Commercial usage vehicle's funding is not covered in the mentioned scheme.